## 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' की 29 मार्च 2016 को पूर्वाह्न 11 बजे राजभवन, लखनऊ में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे–

1. श्री राम नाईक – अध्यक्ष
   माननीय राज्यपाल, उ.प्र.,
   राजभवन, लखनऊ

2. श्री बी.वी. खरबड़े – सदस्य
   महानिदेशक, एन.आर.एल.सी., लखनऊ
   प्रतिनिधि, संयुक्त सचिव,
   भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली

3. प्रो. डी.एन. त्रिपाठी,
   'लीला निलयम', 99–ए, इन्दिरा नगर,
   पो.– शिवपुरी, गोरखपुर

4. डा. चितरंजन पण्डा, – सदस्य
   (अवकाश प्राप्त निदेशक, विक्टोरिया मेमोरियल हॉल)
   165–ए, जोधपुर पार्क, कोलकता–700068

5. प्रो. शबाहत हुसैन, 4/465, शराफत लॉज, – सदस्य
   निकट– अकबर मार्केट, सिविल लाइन्स, अलीगढ़–202 002

6. डॉ. अजय कुमार पाण्डेय,
   निदेशक, संग्रहालय निदेशालय, बनारसी बाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश

7. श्रीमती नाज़ रिज़वी – सदस्य
   साइन्टिस्ट–डी, नेशनल म्यूजियम ऑव नेचुरल हिस्ट्री
   (नामिती– वन एवं पर्यावरण मंत्रालय), भारत सरकार, नई दिल्ली।

8. श्री गौरव कृष्ण बंसल – सदस्य–सचिव
   निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद।

वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली, संयुक्त सचिव (पॉलिसी), भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, प्रो. विदुला जायसवाल, गणपति अपार्टमेन्ट, 809, नगवा, वाराणसी–221005, प्रो. के.के. थपलयाल, बी–1/18–1, सेक्टर–के, अलीगंज, हाउसिंग स्कीम, लखनऊ, आयुक्त, इलाहाबाद मण्डल, इलाहाबाद एवं संयुक्त निदेशक, कोषागार, एवं पेन्सन, इलाहाबाद मंडल, इंदिरा भवन, इलाहाबाद उपर्युक्त बैठक में अनुपस्थित थे।

संग्रहालय के निदेशक श्री गौरव कृष्ण बंसल ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व माननीय राज्यपाल, उ.प्र. एवं अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय श्री राम नाईक का अभिनन्दन एवं स्वागत किया तथा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का परिचय कराया। तत्पश्चात् प्रस्तावों पर कार्यवाही प्रारम्भ हुई एवं निम्नलिखित निर्णय लिए गए:–

**प्रस्ताव सं.1.** दिनांक 22 जनवरी 2015 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।

22 जनवरी 2015 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।



Scanned by CamScanner

**प्रस्ताव सं.2.** <u>दिनांक 22 जनवरी 2015 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' की बैठक के कार्यवृत्त पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा।</u>

दिनांक 22 जनवरी 2015 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' की बैठक में लिए गए निर्णयों के सन्दर्भ में इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई, तदुपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिए गये–

<u>प्रस्ताव सं.–11 (2 जुलाई 2013 को सम्पन्न बैठक)–वर्ष 2012–13 में संग्रहालय में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न आधुनिकीकरण एवं पुनरुद्धार कार्यों की सूचना ग्रहण करना।</u>

माननीन उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश के अनुपालन में संग्रहालय के मुख्य–द्वार के समक्ष कम्पनी बाग का गेट बंद होने के कारण आधुनिकीकरण एवं पुनरुद्धार से सम्बद्ध समस्त कार्य अवरुद्ध होने की सूचना से समिति को अवगत कराया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि माननीय राज्यपाल उ.प्र. एवं अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति एवं माननीय मुख्य–न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक बैठक आयोजित की जाए, जिससे इस मसले का हल निकाला जा सके।

<u>प्रस्ताव सं.–10 (22 जनवरी 2015 को सम्पन्न बैठक) अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य प्रकरण– इलाहाबाद संग्रहालय में पदों के सृजन के संदर्भ में (Creation of Posts in the Allahabad Museum-reg.)</u>

इलाहाबाद संग्रहालय में पदों के सृजन के संदर्भ में समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि नए पदों के सृजन सम्बन्धी प्रस्ताव को सम्पूर्ण विवरण एवं आवश्यकता प्रमाणित करते हुए समिति की अगली बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाय।

उपरोक्त समीक्षा के उपरान्त 22 जनवरी 2015 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' की बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्यवाही की सूचना ग्रहण की गई।

**प्रस्ताव सं.3.** दिनांक <u>22 जनवरी 2015</u> एवं <u>30 सितम्बर 2015</u> को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण करना।

<u>22 जनवरी 2015</u> एवं <u>30 सितम्बर 2015</u> को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण की गई।

**प्रस्ताव सं.4.** <u>दिनांक 7 जुलाई 2015 एवं 10 मार्च 2016 को आहूत 'वित्त–समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण करना।</u>

7 जुलाई 2015 एवं 10 मार्च 2016 को आहूत 'वित्त–समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण की गई।

**प्रस्ताव सं.5.** <u>वर्ष 2016–17 के योजनागत (प्लान), योजनेतर (नान–प्लान) बजट अनुमान (B.E.) एवं वार्षिक कार्य योजना–2016–17 पर विचार एवं अनुमोदन।</u>

वर्ष 2016–17 के योजनागत (प्लान), योजनेतर (नान–प्लान) बजट अनुमान (B.E.) तथा संग्रहालय के वार्षिक कार्य योजना–2016–17 को समिति द्वारा विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव सं.6.** <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य प्रकरण।</u>

( गौरव कृष्ण बंसल )
निदेशक
सदस्य–सचिव

( राम नाईक ) 26.5.16
श्री राज्यपाल, उ.प्र.
अध्यक्ष

Scanned by CamScanner

स्पीड-पोस्ट

5-1. 15
1-6-16

Dy No. 142
3/6/16

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ – 226027

संख्याःजी-2027/जी०एस०
दिनांक 27 मई, 2016

प्रेषक,

अनुभाग अधिकारी,
राज्यपाल सचिवालय,
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक,
इलाहाबाद संग्रहालय,
इलाहाबाद–211002

विषय : दिनांक 29 मार्च, 2016 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' एंव इसकी 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्य–वृत्त के अनुमोदन के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र दिनांक 02/03 अप्रैल, 2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि माननीय राज्यपाल/अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति द्वारा उक्त कार्य–वृत्तों को अनुमोदित करते हुए उस पर हस्ताक्षर कर दिये गये हैं।

तदनुसार माननीय राज्यपाल/अध्यक्ष महोदय द्वारा हस्ताक्षरित कार्यवृत्त मूल रुप में संलग्न कर अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

27/05/2016

( नवीन चन्द्र )
अनुभाग अधिकारी।

संलग्नकःयथोपरि।

Scanned by CamScanner